**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 367 का उत्तर**

**रेल किराये में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायत नीति की बहाली**

**367. श्री राजमोहन उन्नीथन:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार की भारतीय रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराए में रियायत नीति को पुनः लागू करने की कोई योजना है;**

**(ख) यदि हां, तो लागू की जाने वाली संभावित संशोधित नीति का ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार भारतीय रेलवे में बुजुर्ग यात्रियों की सहायता के लिए वैकल्पिक उपायों/छूट पर विचार कर रही है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(घ) वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायत नीति के निलंबन से सरकार द्वारा प्रतिवर्ष कुल अनुमानित कितनी राशि की बचत होती है; और**

**(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएं प्रदान करने का प्रयास करती है और 2022-23 में यात्री टिकटों पर 56,993 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह राशि रेल में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए औसतन 46% की रियायत है। यह आर्थिक सहायता सभी यात्रियों के लिए जारी है। इसके अलावा, इस आर्थिक सहायता से प्राप्त राशि के अतिरिक्त कई श्रेणियों जैसे कि विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजनों) की 4 श्रेणियों, रोगियों की 11 श्रेणियों और छात्रों की 8 श्रेणियों के लिए रियायतें जारी हैं।**

*********